JALAUN POLICE

दिनांक – 20.09.2026

**पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा जनपद जालौन के सर्किल माधौगढ के कोतवाली माधौगढ में नवनिर्मित परिवार परामर्श केन्द्र का शुभारंभ किया गया ।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर के दिशा-निर्देशों के क्रम में जनपद के सर्किल के थानों पर परिवार परामर्श केन्द्र स्थापित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं । आज दिनांक 20.09.2026 को पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा सर्किल माधौगढ के कोतवाली माधौगढ परिसर में परिवार परामर्श केन्द्र का उद्घाटन किया गया है ।

सर्किल स्तर पर परिवार परामर्श केन्द्र की स्थापना किये जाने से पीड़ित परिवारों को जनपद मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा । परिवार परामर्श केन्द्र टीम द्वारा वैचारिक मतभेद की वजह से टूटने वाले परिवारों के विवादों को निरन्तर सुना जायेगा। परिवार परामर्श केन्द्र पर आने वाली पीड़िताओं/फरियादियों की समस्याओं एवं पति/पत्नी, अन्य परिजनों के मध्य उपजे विवाद को नामित महिला पुलिस अधिकारी व अन्य नामित सदस्यों द्वारा सम्बन्धित के माध्यम से काउन्सलिंग कर निराकरण किया जायेगा । जिसकी मॉनिटरिंग स्वयं पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा की जा रही है ।

परिवार परामर्श केन्द्र का मुख्य उद्देश्य पारिवारिक एवं वैवाहिक विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान कर बिखरते रिश्तों को पुनः जोड़ना, परिवारों में आपसी विश्वास एवं सामंजस्य स्थापित करना तथा उनके जीवन में नई आशा, खुशहाली एवं सकारात्मकता का संचार करना है।

**जालौन पुलिस महिलाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु 24*7 प्रतिबद्ध है ।**